Title: Need to provide more railway facilities in Rajasthan particularly in Churu Parliamentary Constituency. - Laid

श्री नरेन्द्र बुडानिया : महोदय राजस्थान में रेलों के विकास में विशेषकर मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू की ओर समुचित ध्यान नहीं दिया गया है और देश के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र के विकास हेतु कोई योजना इस वर्ष के रेल बजट में शामिल नहीं की गई है । इस बारे में मेरा मंत्री महोदय, से निम्नानुसार निवेदन है :-

गत वर्ष रेल बजट के अनुमान पेश करते समय सरकार ने रेवाड़ी सादुलपुर रेल लाईन के आमान परिवर्तन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी, किन्तु पिछले वर्ष स्वीकृत योजना का इसमें कोई जिक्र नहीं किया गया है । मेरा निवेदन है कि इस कार्य को शीघ्र चालू किया जाए ।

इसी तरह हिसार-बीकानेर वाया सादुलपुर-चुरू-रतनगढ़-डेगाना रेल लाईन के आमान परिवर्तन के लिए इस वर्ष प्रस्ताव लाने का जिक्र किया था, किन्तु उसको भी इस बजट में शामिल नहीं किया गया है । इस कार्य को शीघ्र प्रारम्भ किया जाए ।

रतनगढ़-डेगाना छोटी रेलवे लाईन को बड़ी रेलवे लाईन में बदलने की स्वीकृति पिछले वर्ष दी गई थी, लेकिन उसका भी इस वर्ष के बजट में कोई प्रस्ताव नहीं है । इन रेल लाईनों का आमान परिवर्तन के कार्य को अविलम्ब चालू किया जाए ।

चुरू-जयपुर इंटरसिटी एक्सप्रैस चलाई जाए ।

चुरू रेलवे स्टेशन पर टिकट बुकिंग के कार्य का कम्प्यूटराइजेशन किया जाए ।

दिल्ली-बीकानेर एक्सप्रैस एवं लिंक सिटी बीकानेर-दिल्ली रेलगाड़ियों में एयरकंडीशंड कोच लगाए जाएं ।

देश के विभिन्न भागों में रहने वाले चुरू क्षेत्र के लाखों लोगों के हित में चुरू, सादुलपुर, सरदार शहर, रतनगढ़ बीकानेर रेलवे स्टेशनों पर आरक्षण का कोटा बढ़या जाए ।

बीकानेर से दिल्ली जाने वाली दो रेल गाड़ियां हैं जिनमें चुरू से वातानुकूलित कोच में आरक्षण का कोई कोटा नहीं है जिससे कठिनाई का सामना करना पड़ता है । मेरा आग्रह है कि कोटा निश्चित किया जाए ।

दिल्ली-जोधपुर मेल जिसको बंद कर दिया गया है, इसे पुनः चलाया जाए ।